महत्वपूर्ण एवं खास

सामान लेकर लाखों रुपए का नहीं किया भुगतान

रायपुर (आरएनएस)। आरके इस्पात उद्योग राठौर चौक रामसागरपारा में लाखों रुपए का लोहे का एमएस प्लेट राउंड मंगाकर रुपए का भुगतान ना कर धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी निश्चय सरावगी 26 वर्ष का रामसागरपारा राठौर चौक में आरके इस्पात उद्योग नाम से दुकान है। बताया जाता है कि रत्नम इंडस्ट्रीज के संचालक जलपति राव ने प्रार्थी के पास से लोहे का एमएस प्लेट राउंड और स्पेयर 15.780 एमटी खरीदा था। जिसकी कीमत 6 लाख 70 हजार 665 रुपए हुआ था। जिसका आरोपी ने भुगतान नहीं किया और ना ही माल वापस किया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

लोन दिलाने का झांसा देकर 15 लाख कीर ठगी

रायपुर (आरएनएस)। बजाज फायनेंस के नाम पर लोन दिलाने का झांसा देकर 15 लाख रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार हर्षित विहार कालोनी उरकुरा निवासी प्रार्थी अशोक शर्मा 51 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात मोबाइल नंबर से उसके पास कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थी को 15 लाख रुपए का लोन दिलाने का झांसा देकर प्रार्थी से आधार कार्ड, पेन कार्ड, फोटो वाटसअप से मंगाया और बजाज फायनेंस के नाम पर ज्यादा लोन फायनेंस हो सकता है कहकर अपने बताए 10 बैंक खाता में विभिन्न किश्तों में प्रार्थी से कुल 15 लाख रुपए जमा करा लिया। जिसके बाद आरोपियों ने अपना संपर्क तोड़ दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सांसद ज्योत्सना महंत ने अमित शाह से मांगा आईसीएमआई

कोरबा (आरएनएस)। भारत सरकार के केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कोरबा प्रवास पर क्षेत्रीय सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने मां सर्वमंगला की पावन भूमि पर अभिवादन करते हुए मांग किया है। क्षेत्रीय सांसद महंत ने छत्तीसगढ़ राज्य सहित औद्योगिक जिला कोरबा में सहकारिता संरचना के विकास के लिए प्रेषित ज्ञापन में आग्रह किया है कि सहकारिता संरचना हेतु इंडियन को.आपरेटिव मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट आईसीएमआई की राज्य स्तर पर स्थापना कराई जाए। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक जिला स्तर पर संयुक्त सहकार भवन की स्थापना कराई जाए साथ ही जिला खनिज न्यास मद से 2 प्रतिशत की भागीदारी ;सहकारिता अधोसंरचना एवं कार्यशील पूंजीद्ध की स्थापना करने हेतु निर्देशित करें। कोरबा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचीं सांसद ज्योत्सना महंत स्थानीय अनेक कार्यक्रमों में शामिल हुई।

कार में रखे लाखों रुपए का सामान पार

रायपुर (आरएनएस)। महादेव घाट रायपुरा में इनोवा कार में रखे लाइवयू मशीन, कैमरा व माइक अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार माई होम अपार्टमेंट शंकरनगर निवासी प्रार्थी खुमनलाल साहू 28 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह इनोवा कार को महादेवघाट रायपुरा में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने कार के दरवाजे का खुला शीशा से हाथ डालकर अंदर सीट पर रखे 1 लाइव यू मशीन, 1 कैमरा व माइक पार कर दिया।

ऐतिहासिक राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का हुआ शुभारम्भ

प्रदेश के सभी जिलों के लगभग 1900 प्रतिभागी हो रहे हैं शामिल

रायपुर। आरएनएस

प्रदेश में पहली बार आयोजित हो रहे ऐतिहासिक छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की राज्य स्तरीय स्पर्धाओं का मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव भी उपस्थित थे

इस आयोजन में 14 तरह की खेल विधाओं को शामिल किया गया है। इनमें गिल्ली-डंडा, पि्ठू, संखली, लंगड़ी-दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, बांटी, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद आदि खेल शामिल हैं ...ये सब हमारे ग्रामीण खेल हैं। ये सारे खेल समय के साथ-साथ पीछे छूटते जा रहे थे, लोग इन्हें भूलते जा रहे थे। इस राज्य स्तरीय आयोजन में प्रदेश के सभी जिलों के लगभग 1900 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। ये स्पर्धाएं 10 जनवरी 2023 तक चलेगी बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम में फुगड़ी, बिल्लस, भंवरा, बाटी और कबड्डी, छत्रपति शिवाजी महाराज आउटडोर स्टेडियम में 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, संखली, रस्साकशी, लंगडी, पि्ठू, गेंडी दौड़, माधव राव सप्रे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में खो-खो और गिल्ली डंडा खेलों की प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्लस्टर, ब्लॉक, जिला, सम्भाग और राज्य स्तर की स्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ भागीदारी निभाई है। राज्य स्तरीय स्पर्धा में 6 वर्ष की बेटी फुगड़ी में और 65 वर्ष के बुजुर्ग गेंडी दौड़ में हिस्सा ले रहे हैं

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु के लोगों ने अपने-अपने वर्गों में भाग लिया। प्रदेश में खेलों के लिए उत्साहजनक वातावरण बना, खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ी।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक से बन रही प्रदेश की एक नई पहचान

❐ **स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में दौड़ और लम्बी कूद में प्रतिभागियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा**

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक केवल खेल नहीं यह है हमारे छत्तीसगढ़ के युवक-युवतियों की पहचान। आज राजधानी रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में भरपूर उत्साह के साथ भाग लेते हुए खिलाड़ियों ने यह बात कही।

इसके तहत 8 जनवरी से 10 जनवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में आज पहले चरण में स्वामी विवेकानन्द स्टेडियम कोटा में 3 चरणों में शून्य से 18 वर्ष के लडक़े और लड़कियों ने 100 मीटर की दौड़ में भाग लिया। इसके पश्चात 18 से 40 वर्ष के युवक एवं युवतियों ने 100 मीटर दौड़ में अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाया। सबसे बड़ी बात यह रही कि इस 100 मीटर दौड़ में 40 से अधिक वर्ष के महिला एवं पुरूषों दोनों ही वर्ग के प्रतिभागी शामिल हुए। इसके साथ दूसरा आयोजन लम्बी कूद का था। जिसमें शून्य से 18 वर्ष के बालक-बालिकाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

आज यह गौरव का दिन था। गौरव इसलिए भी क्योंकि आज के 100 मीटर दौड़ में जिन महिला-पुरुषों ने भाग लिया। वे कई ऐसे थे जो 40 वर्ष की उम्र को पार करने जा रहे थे पर उन्हें जीवन में किन्हीं कारणों से कभी खेलने-कूदने का अवसर नहीं मिला था। वे आज सब बेहद खुशी से अपनी प्रतिभा से लोगों को वाकिफ करवा रहे थे। आज के 100 मीटर दौड़ में कई ऐसी गृहणियां थी जो केवल घर का चूल्हा-चौका संभालती आ रही थी आज उनके चेहरे की खुशी देखते ही बन रही थी। राज्य सरकार के इस छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों के आयोजन ने उन्हें अपने चूल्हे-चौके से निकालकर एक ऐसा मंच दिया, जिससे वे अपने भीतर दौडऩे की प्रतिभा को पहचान पाईं। आज स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में लम्बी कूद और 100 मीटर दौड़ के जिन प्रतिभागियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। उनके नाम इस तरह से हैं-लम्बी कूद महिला 0 से 18 वर्ष में विजयी प्रतिभागी बस्तर से तारणिका सीता, द्वितीय दुर्ग से चंचल, तीसरे स्थान पर सरगुजा से शिक्षा सिंह। लम्बी कूद पुरूष में दुर्ग से प्रभात कुमार, सरगुजा से सलीम टोप्पो, बस्तर से तुषार सीता।

ट्रैफिक नियम उल्लंघन करने वाले 88 वाहन चालकों का यातायात पुलिस ने काटा चालान

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के निर्देशानुसार यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने ट्रैफिक पुलिस शहर के तीनों सिग्नल चौंक जमुनाइन, सीएमओ तिराहा और कबीर चौंक पर चेकिंग अभियान चला कर चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया साथ ही शहर के भीतर एवं हाइवे में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के चालान भी किए गए। हाइवे और आऊटर मार्ग पर ठंड में कोहरे और धुंध को लेकर भी यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को आवश्यक सावधानी बरतने के निर्देश भी दिये गये एवं मौके पर ओवर स्पीड पाये गये 20 वाहन चालक जिसमें 6 भारी वाहन, 2 कार चालक एवं 12 मोटरसाइकिल चालकों के विरुद्ध कार्रवाई किया गया है।

यातायात पुलिस की टीम द्वारा जहां एक ओर यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है वहीं नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती बरता जा रहा है, रविवार शाम तक जिले में 88 वाहनों के चालान किए गए हैं जिसमें कुल रु. 42,000 समन शुल्क की राशि वसूल किया गया है। कार्यवाही दौरान ओव्हर स्पीड, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, गलत पार्किंग, हेलमेट ना पहनने वालों, सीट बेल्ट ना लगाने वालों, बिना नंबर प्लेट वालों और वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने वालों व अन्य अधूरे दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले शामिल है, जिनके चालान काटे हैं। यातायात पुलिस यह कार्यवाही लगातार जारी रखेगी।

बनसिया के एनएसएस कैंप में साइबर सेल की टीम ने छात्र-छात्राओं को दी साइबर क्राइम की जानकारी

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के निर्देशानुसार साइबर सेल रायगढ़ की टीम द्वारा #साइबर चेतना के नाम पर जिले के विभिन्न स्कूल, कालेजों में साइबर अवयरनेस अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज पुलिस चौकी जूटमिल अंतर्गत ग्राम बनसिया के एनएसएस कार्यक्रम में सम्मिलित विद्यार्थियों को साइबर सेल की टीम द्वारा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल एवं रेनु मंडावी सिंह द्वारा विद्यार्थियों को सोशल प्लेटफार्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप इत्यादि के इस्तेमाल पर सावधानियां बरतने की समझाइश देकर हैकर्स द्वारा किये जा रहे धोखाधड़ी के संबंध में जानकारी दिये और धोखाधड़ी के शिकार व्यक्ति कहां और किस प्रकार शिकायत करें, इस संबंध में विस्तार पूर्वक बतलाया गया। सोइबर सेल की टीम द्वारा इंटरनेट, मीडिया साइट्स से छात्रों को जागरूक रहने एवं अपने अभिभावकों को जागरूक करने प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को कार्यक्रम में फेसबुक हैकिंग, बारकोड़ के माध्यम से होने वाले फ्राड, वाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के संबंध में बताया गया तथा वर्तमान में सिम कार्ड के माध्यम से, एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, बायोमेट्रिक, क्यूआर कोड स्कैन, इंटरनेट मीडिया पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी काल, अनजान वाट्सएप वीडियो काल, आनलाइन लोन देने वाले एप, इंटरनेट मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने बारे व यूपीआई से संबंधित फ्राड के बारे में बताकर छात्रों को जागरूक किया गया और बताये की उनके जान परिचित के साथ साइबर फ्राड होने पर तत्काल नजदीकी थाने/साइबर सेल, बैंक जाकर तत्काल जानकारी दें, बैंक अकांउट होल्ड करावें। कार्यक्रम में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, अध्यापकगण, स्थानीय जन प्रतिनिधि व ग्राम प्रमुख भी उपस्थित थे।

विस्फोटक, वाकी-टाकी व अन्य सामग्री के साथ एक नक्सली सप्लायर गिरफ्तार

सुकमा (आरएनएस)। नक्सलियों को विस्फोटक सामग्री, उपकरण सहित अन्य सामान सप्लाई करने वाले नक्सली सप्लायर सोड़ी सोमडा पिता गद्दी उम्र लगभग 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी अरलमपल्ली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नक्सलियों के कोंटा एरिया कमेटी को लंबे समय से सामानों की सप्लाई कर रहा है। आरोपी के विरूद्ध पूर्व से ही स्थायी वारंट जारी किया गया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पोलमपल्ली-जगरगुण्डा मार्ग में थाना के सामने थाना प्रभारी पोलमपल्ली निसार अहमद नियाजी के हमराह जिला पुलिस बल एमसीपी ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान दोपहर मे एक व्यक्ति मोटर सायकल में दोरनापाल की ओर से आता दिखाई दिया। ड्यूटी पर तैनात बलो द्वारा रोकने पर मोटरसायकल छोडक़र भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। मौके से पूछताछ में अपना नाम सोड़ी सोमडा पिता गद्दी उम्र लगभग 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी अरलमपल्ली का होना बताया। सोडी सोमडा के पास रखे बैग की तलाशी लेने पर हरे रंग के बैग में 02 नग बायोफेंग कंपनी का वाकी-टाकी, 02 नग बैटरी, 02 नग ईयरफोन, 02 नग चार्जर, 02 नग चार्जर स्टेण्ड, 02 नग वाकी-टाकी का एन्टीना तथा विस्फोटक पदार्थ 04 नग इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 03 नग जिलेटिन राड़ बरामद किया गया है। सोडी सोमड़ा थाना पोलमपल्ली में अपराध क्रमांक 01/2023 पंजीबद्ध कर कार्यवाही उपरांत जेल दाखिल किया गया हैं।

आरोपी सोडी सोमड़ा ने पूछताछ में बताया गया हैं कि वह कोंटा एरिया कमेटी के नक्सली वेट्टी हितेश (एसीएम) अरलमपल्ली जनताना सरकार अध्यक्ष जोगा, मिलिशिया कमांडर दूधी हूंगा के संपर्क में रहकर विगत 7-8 महिनो से नक्सलियों के लिए विस्फोटक पदार्थ, वाकी-टाकी व अन्य नक्सली संगठन को जरूरी सामान पहुंचाता था। आरोपी द्वारा यह भी स्वीकार किया गया कि इससे पूर्व स्वंय आनलाईन शापिंग के माध्यम से 3-4 बार वाकी-टाकी, धारदार चाकू, घड़ी, कपड़े, आदि नक्सली मिलिशिया कमांडर दूधी हूंगा को पहुंचाया हैं। यह संज्ञान में आया हैं कि विभिन्न आनलाईन शापिंग एप्स के माध्यम से नक्सली मददगार नक्सलियों को तकनीकी एंव आयूध सामग्री पहुंचा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सुकमा सुनील शर्मा ने इस संबंध में उचित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया हैं ताकि इस प्रकार से होने वाले सप्लाई चैनल को रोका जा सकें।

आरोपी की गिरफ्तारी में सुरेश जांगडे थाना प्रभारी दोरनापाल एंव सायबर सेल के प्रभारी संजय यादव व उनके टीम प्रआर सोयम नरैया, आरक्षक नेमपाल, आरक्षक लीला पटेल, महिला आरक्षक जानकी साहू का विशेष योगदान रहा।

नक्सलियों ने टेकमेंट्टा मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने की बात कबूली

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के टेकमेंट्टा में 23 दिसम्बर को हुई मुड़भेड़ में नक्सलियों के नेशनल पार्क एरिया कमेटी ने पर्चा जारी कर स्वीकार किया है कि तेलंगाना, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ की संयुक्त टीम ने उनकी पार्टी पर हमला किया है। दोनों तरफ से चली गोलीबारी में नक्सलियों के दो साथी कामरेड अनिता व अशोक मारे गए है। नक्सलियों ने यह आरोप लगाया है कि उनके साथी अशोक को पुलिस ने जिंदा पकड़ा था, उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। नक्सलियों ने यह भी आरोप लगाया है कि पुलिस द्वारा एक ग्रामीण को पकड़ा है, लेकिन वह उनका साथी नही है, वह एक किसान है, खेत में मिंजाई का काम कर रहा था, उस वक्त पुलिस के जवानों को देखकर भाग रहा था, भागता देख पुलिस ने उसपर हमला कर घायल कर दिया। विनोद को नक्सली बताया गया था, लेकिन वह उनका साथी नही है। नक्सलियों का आरोप है कि टेकमेंट्टा के ग्रामीणो को पुलिस ने बेरहमी से मारा है। गांव के 10 परिवार में से 15 लोगो को पुलिस उठाकर ले गई थी, उसके बाद दूसरे गांव में 10 लोगो को छोड़ दिया गया था। पुलिस अपने साथ 05 ग्रामीणों को लेकर गई थी, गांव वाले इक_ा होकर थाना घेराव कर छुड़ाकर लाए हैं। नक्सलियों ने पुलिस पर ग्रामीणों से लूटपाट का भी आरोप लगाया है। नागेश एनका, मेंट्टा वंजा, वेलादि मुन्नी, मेंट्टा राजू के यहां से 23800 रुपये ले जाने की बात नक्सलियों ने अपने बयान में कही है।

संकुल प्राचार्यों का एक दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

❐ **शाला संकुल व्यवस्था के माध्यम से बच्चों की गुणवत्ता सुधार करना है उद्देश्य**

रायगढ़। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार, स्कूल शिक्षा विभाग व समग्र शिक्षा जिला रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ बी बाखला, डीएमसी समग्र शिक्षा रायगढ़ नरेंद्र चौधरी के निर्देशन व सहायक समन्वयक समग्र शिक्षा तथा कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी रायगढ़ आलोक स्वर्णकार के मार्गदर्शन में जिंदल ऑडिटोरियम रायगढ़ में संकुल प्राचार्यों का एक दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

उक्त एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्देश्य शाला संकुल व्यवस्था के माध्यम से बच्चों की गुणवत्ता में सुधार करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ नरेन्द्र चौधरी द्वारा मां शारदे के तैल चित्र पर पूजा-अर्चन व समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उक्त एक दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षण के उद्देश्य में निहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सारगर्भित चर्चा-परिचर्चा की गई। संकुल प्राचार्य को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला ने कहा कि उपचारात्मक शिक्षण का गुणवत्ता व सुधार की दिशा में प्राचार्यगण विशेष पहल एवं प्रयास करें, साथ ही सभी संकुल प्राचार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ शाला संकुल में कराए जाने वाले कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण करते हुए शालाओं का निरीक्षण एवं शिक्षकों का अकादमिक समर्थन नियमित रूप से प्रदाय करते हुए शिक्षा गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार लाने का प्रयास करें, आज जो शाला संकुल की व्यवस्था लागू की गई है उसका मुख्य उद्देश्य आज के परिवेश अनुसार शिक्षा प्रदान करना एवं निरीक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। वहीं सभी प्राचार्यों को संबोधित करते हुए डीएमसी समग्र शिक्षा रायगढ़ नरेंद्र चौधरी ने गतिविधियों के माध्यम से संकुल प्राचार्य की डायरी की आवश्यकता, शाला संकुल की अवधारणा, शाला संकुल प्राचार्य की जिम्मेदारियां, शाला संकुल से संबंधित विभिन्न स्तरों पर जॉब चार्ट, शाला संकुल प्राचार्य द्वारा आत्म चिंतन का अवसर, शाला संकुल योजना के परिपेक्ष में संकुल समन्वयकों की बदलती हुई भूमिका, शाला संकुल से संबंधित मूलभूत जानकारियों का संकलन, शाला संकुल में गुणवत्ता सुधार हेतु विशेष फोकस के क्षेत्र, उपचारात्मक शिक्षण हेतु मिशन लर्निंग आउटकम कंपलीशन, शाला संकुल के माध्यम से निरीक्षण हेतु टिप्स एवं शाला संकुल के नवाचार के अवसर आदि विषयों प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ के प्राचार्य श्री.आर.के त्रिवेदी ने प्रशिक्षण सभा को संबोधित

करते हुए कहा कि हम एक उत्तम व्यवस्था में कार्य करते हैं और इसी उत्तम व्यवस्था के अनुरूप हमें अपनी शत-प्रतिशत क्षमता का प्रदर्शन करते हुए पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ अपनी भूमिका व जिम्मेदारी समझनी होगी। वहीं आज के प्रशिक्षण में एडीपीओ जे.के.राठौर द्वारा उपचारात्मक शिक्षण संबंधी कार्य योजना के अनुरूप अब तक संपन्न कार्य व बजट संबंधी कार्य के विषय में जानकारी तथा कोरोना काल के समय हुए लर्निंग लॉस व कक्षाओं में दिखाई दे रहे इसके प्रभाव तथा इस पर किए जाने वाले प्रभावी कार्य एवं शाला संकुल प्राचार्य की डायरी की आवश्यकता एवं अवधारणा पर प्रकाश डाला गया। साथ ही उन्होंने आज के कार्यशाला की रूपरेखा, उद्देश्य, एवं उपयोगिता को विस्तार से बताया तथा उपचार आत्मक शिक्षण को कैसे जमीनी स्तर पर प्रभावशाली ढंग से पहुंचाया जाए इस पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने संकुल प्राचार्य से आहवान किया कि जिला स्तर से प्रेषित निर्देशों को गंभीरता पूर्वक चिंतन कर संकुल पर उसका क्रियान्वयन करें। एपीसी रायगढ़ बी.पटेल ने शाला संकुल व्यवस्था के विषय में जानकारी प्रदान की। व्याख्याता धरमजयगढ़ डाइट संतोष पटेल द्वारा टेली प्रैक्टिस एवं निक्कल एप्स से परिचय एवं प्रशिक्षण पर प्रकाश डाला गया। वहीं उक्त कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार ने समस्त प्राचार्यों को संबोधित करते हुए संकुल व्यवस्था के माध्यम से गुणवत्ता के विकास हेतु समन्वयकों के कार्य एवं जिम्मेदारी, एफएलएन विकास पर फोकस, मुस्कान पुस्तकालय का बेहतर उपयोग, शाला अनुदानों का बेहतर एवं प्रभावी उपयोग, प्रिंट रिच वातावरण का निर्माण, टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग, उपचारात्मक शिक्षण हेतु मिशन लर्निंग आउटकम कंप्लीशन तथा विद्यालय विकास नेतृत्व आदि बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। वही बीआरसी रायगढ़ से मनोज अग्रवाल ने प्रशिक्षण के दौरान प्राचार्य व संकुल के बीच समन्वय, स्मार्ट क्लास, ऑनलाइन कक्षा एवं कोचिंग कक्षा का निरीक्षण तथा शाला संकुल प्राचार्य की जिम्मेदारी एवं जॉब चार्ट पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की समाप्ति पर उक्त कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार द्वारा उपस्थित सभी प्राचार्यों व अधिकारियों का आभार प्रदर्शन किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480